तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति रैली और की...



13 स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जाने के लिए 11वीं में चुनें विज्ञान...




## उद्घाटन : उपमुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय में नि:शुल्क कोचिंग संस्थान श्री राम एकेडमी का किया उद्घाटन

# जिस दिशा में जाना हो, पूरी ताकत के साथ उसमें लग जाएं, एक दिन तारे की तरह चमकेंगे : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ संस्थान आईएएस, आईपीएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिया जाएगा नि :शुल्क प्रशिक्षण

जिले में इतिहास रचने का कार्य श्री राम एकेडमी के माध्यम से होगा। लोग फीस देकर कोचिंग करने के लिए जाते हैं, लेकिन वहां भी कलेक्टर-एसपी पढ़ाने नहीं आते, मगर बेमेतरा में इस तरह की व्यवस्था निशुल्क रूप से उपलब्ध रहेगी। निश्चित रूप से इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से ऊर्जावान नौजवानों की फौज तैयार होगी। उक्त बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने श्री राम एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर कही। बता दें कि बेमेतरा जिला मुख्यालय में विधायक दीपेश साहू के प्रयास से आईएस, आईपीएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए के लिए श्री राम एकेडमी की स्थापना की गई है। एकेडमी का उद्घाटन करने के बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि देश में पहली बार देखा गया कि परीक्षा के पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हैं। ऐसे नेता, जिनको तीन बार प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य मिला है, जो देश में ऊर्जावान जवानों की फौज चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अपेक्षा के अनुरूप इस एकेडमी के माध्यम से भी ऊर्जावान जवानों की फौज तैयार होगी। श्री साव ने आगे कहा कि लोग लक्ष्य बनाकर काम करना चाहते हैं पर मैं इसे ठीक नहीं मानता। उन्होंने कहा कि मंजिल मिलने के बाद लोग आगे जाना नहीं चाहते, लेकिन मेरा विचार है कि अपने आप को खुला आसमान रखिए और अब्दुल कलाम जिस तरह से अपनी मेहनत के बल पर मिसाइल मैन बने उसी तरह आप भी खुले आसमान में रहें और दुनिया में नाम कमाएं। जिस दिशा में जाना हो, पूरी ताकत के साथ उसमें लग जाएं और एक दिन आकाश में एक तारा की तरह चमकने लगेंगे।

इस अवसर पर साजा के विधायक सहित बेमेतरा के एसपी रामकृष्ण साहू बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष शकुंतला साहू ,उपाध्यक्ष पंचू साहू ,जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ,होरिलाल सिन्हा,पार्षद नीलू राजपूत , नीतू कोठारी, विकास तंबोली ,लक्ष्मी साहू ममता साहू ,रीना साहू रेवेराम निषाद अन्य लोग मौजूद थे।

### कहा - नौजवान इस एकेडमी के माध्यम से रचेंगे इतिहास





### 6 करोड़ की लागत से होगा विशाल लाइब्रेरी का निर्माण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि इस तरह से कोचिंग एकेडमी का प्रयास पूर्व में भी किया गया था, लेकिन वह निशुल्क नहीं था, जिसके कारण प्रतिभावान विद्यार्थी आर्थिक समस्या के कारण अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते थे। लेकिन, आज उपमुख्यमंत्री एवं कलेक्टर की सोच के कारण यह अब संभव हो रहा है। विधायक दीपेश साहू ने बताया कि 6 करोड़ की लागत से एक विशाल लाइब्रेरी की सौगात भी बेमेतरा को मिली है, जिसका शिलान्यास भी अतिशीघ्र किया जाएगा। उन्होंने अपनी तरफ से कोचिंग में ज्वाइन करने वालों को शुभकामनाएं दीं।

### यह समय लक्ष्य प्राप्त करने का : शर्मा

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि जिले में निशुल्क कोचिंग केंद्र का प्रारंभ हुआ। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि यह समय जीवन का सबसे अच्छे समय होता है। न कोई चिंता होती और ना कोई पछतावा होता है, बल्कि यह समय लक्ष्य प्राप्त करने का होता है। यह वह अवसर होता है, जो लक्ष्य तय करते हैं वही प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि वे भी इस श्री राम एकेडमी में कक्षा लेंगे। आभार प्रदर्शन बेमेतरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल ठाकुर ने किया।

## खबर संक्षेप



### गांधी मैदान में धूमधाम से मना माता उत्सव कार्यक्रम

**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा माता भद्रकाली डमरू दल द्वारा आयोजित माता उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम गांधी मैदान राम मंदिर परिसर में संपन्न हुआ इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दुर्गा माता तथा माता भद्रकाली भगवान राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए खुशहाली की कामना की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार अरुण यादव ने माता का जगराता तथा माता रानी की जस झांकी की प्रस्तुति दी। अरुण यादव के माता के जगराता में लोग देर तक झूमते रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक के साथ नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह ने ग्रहण किया पदभार



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बेल्हारी के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह सिन्हा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पाटन मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। उन्होंने अध्यक्ष श्री सिन्हा को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक भूषणलाल ने किया। समारोह में मनीष चंद्राकर, नेतराम निषाद, योगेश्वर चंद्राकर, नारद साहू, रोमलाल साहू, रामसिंग बंसोड़, अमित अग्रवाल, गौतम प्रसाद शुक्ला, संतोष मार्कण्डेय सहित किसान एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीईओ व सहायक संचालक ने ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शनिवार की सुबह 10:45 मिनट पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे तथा उड़नदस्ता टीम के सहायक संचालक एसपी कोसले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू व अनुराधा साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़गिरी विकासखंड बेरला का आकस्मिक निरीक्षण किया। ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा दसवीं व्यवसाय अध्ययन, बारहवीं का राजनीति विज्ञान की परीक्षा बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होना पाया गया। कोई भी नकल का प्रकरण नहीं बना। 11:20 मिनट बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला में ओपन परीक्षा केंद्र में भी शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संचालित हो रही है। सेजेस बेरला में प्राचार्य द्वारा केमिस्ट्री की पढ़ाई के लिए व्याख्याता की मांग पर तत्काल बायोलॉजी तथा फिजिक्स के व्याख्याता को पढ़ाई कराने का निर्देश दिया गया है। प्रतिदिन प्रायोगिक कार्य, अपार आई डी, अतिरिक्त कक्षाएँ, शाला समयानुसार उपस्थिति, नियमानुसार अवकाश, डेली डायरी, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अधिक से अधिक मेहनत करके सर्वागीण शिक्षा सत्र को साकार करने के लिए विशेष जोर दिया गया।

## महाराष्ट्र व रायपुर उप चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ उप चुनाव व महाराष्ट्र में एतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखा, जिसमें सभी ने फटाका फोड़ व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बाटी। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष शुभम देवांगन, बूथ मंत्री अजय शुक्ला, युवा मोर्चा शहर मंत्री गोलू कोसले, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, बेरला मंडल महामंत्री गौकरण राजा साहू, सरपंच पिंटू साहू, रेवा राम निषाद, दिलीप पटेल, गिरीश गाबेल, शेखर राजपूत, रानू वर्मा, विकास तिवारी, सुनील भांचा, वतन राजपूत, रवि वर्मा, जीवेश तिवारी, कृपाल सेन, संजय निषाद, उमेद सेन, भूरू साहू, भानु वर्मा, ओम रजक, घनश्याम यदु, प्रमोद साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नई दिल्ली से मगरघटा पहुंची टीम, बच्चों की भाषाई व गणित कौशल की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखंड नवागढ़ में संबोधी रिसर्च नई दिल्ली से आए प्रतिनिधि द्वय गिरधारी लाल यादव और कमल गोस्वामी ने बच्चों में भाषायी एवं गणितीय कौशल विकास स्तर की जांच की। जिसमें रोल मॉडल स्कूल व स्मार्ट शाला मगरघटा के कक्षा चौथी और पांचवीं के बच्चे शामिल हुए। नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने उनकी आगुवानी की। साथ ही नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस से सर्वेक्षण से सम्बंधित प्रश्नों का जवाब लेकर रिकॉर्ड किया गया। विद्यालय में आयोजित होने वाले गतिविधियों का विडिओ अपने साथ लेते गये। सर्वे का मुख्य उद्देश्य बच्चों में महत्वपूर्ण सोच, कौशल, समस्या, समाधान क्षमताओं और संचार के कौशल के विकास को बढ़ावा देना है। यह समूह में काम करने शोध सामग्री खोजने और उसका मूल्यांकन करने और आजीवन सीखने के अवसर भी प्रदान कर सकता है। श्री अरविंदो सोसायटी से अनुबंधित टीम एचडीएफसी के प्रतिनिधी बच्चों के कक्षा अनुरूप प्रदर्शन से बहुत खुश हुए। भाषा विषय आधारित पठन और लेखन तथा गणित विषय के चारों संक्रियाओं की जांच की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक ओमकार प्रसाद ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस, तुलसी राम ध्रुव, विक्रम ध्रुव और बच्चों ने आभार व्यक्त किया।

## वृद्धजनों के लिए बन रहा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

नेहरू नगर वेस्ट सियान सदन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किये। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी 70 प्लस के महिला, पुरूष वृद्धजनों से अपील की है कि यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धो के लिए ईलाज में हो रहे तकलीफ को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा लाया गया है। जिसका लाभ भिलाई क्षेत्र के बुजुर्ग ले रहे है।

### 15 साल की बालिका से दुष्कर्म, 20 साल की सजा

**भिलाई।** दुर्ग के विशेष कोर्ट ने 15 साल की बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास की सजा दी है। साथ ही 5 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा। मामले की पैरवी लोक अभियोजन संतोष कसार ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपी रजत सोनी अपने घर के पास रहने वाली 15 साल की बालिका के साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## हसदा में 101 लोगों को प्रदान किया गया रामायण ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



■ हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर किया गया वितरण

जिला मानस संघ के आह्वान पर पाल परिवार ग्राम हसदा के द्वारा श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के अवसर पर 101 श्री रामायण का वितरण किया गया। संघ के माध्यम से रामायण से दूर लोगों के घर में होगा अब श्री राम चरित मानस (रामायण) अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि श्री राम चरित मानस व्यक्ति के लिए कल्प वृक्ष के समान है, जिससे मनुष्य की मनोकामना पूर्ति होती है। श्री रामायण प्रभु के नयन हैं, जिनके प्रतिदिन दर्शन मात्र से ही सभी व्याधि दूर हो जाती है। उन्होंने रामायण को हर घर में पहुंचाने का संकल्प लिया है, जिसके कारण जिला मानस संघ बेमेतरा ने पाल परिवार के नेतृत्व में 101 रामायण ग्रन्थ का वितरण किया, जिससे सनातन संस्कृति में प्रभु श्री राम जी के चरित्रों एवं


▶▶| शेष पेज 12 पर





